राजस्थान सरकार
आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj1@gmail.comPh.: 0141-2706847 (O);

पत्रांक:CCE/ISDC/Misc./Direction/2022/ दिनांक:

प्राचार्य,
समस्त 50 नोडल महाविद्यालय
राजस्थान।

विषय : 50 नोडल महाविद्यालयों में दिनांक 26.02.2024 से 29.02.2024 तक अंतर्महाविद्यालय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजित करवाने के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि समस्त राजकीय महाविद्यालयों में दिनांक 08 जनवरी 2024 से 13 जनवरी 2024 तक आयोजित खेलकूद सप्ताह के प्रथम तीन विजेता प्रतिभागियों अथवा विजेता टीमों के मध्य दिनांक 26.02.2024 से 29.02.2024 तक अंतर्महाविद्यालय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता 2024 का आयोजन करवाया जाएगा।

अंतर्महाविद्यालयी जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम

**खेलकूद प्रतियोगिताओं की सूची निम्न प्रकार है-**

| S. No. | Indoor Games | Outdoor Games |
|---|---|---|
| 1. | कैरम बोर्ड | खो-खो |
| 2. | बेडमिंटन | कबड्डी |
| 3. | शतरंज | फुटबॉल |
| 4. | प्रश्नौत्तरी (मौखिक) | हॉकी |
| 5. | टेबल टेनिस | वॉलीबॉल |
| 6. | | क्रिकेट |
| 7. | | बास्केटबाल |
| 8. | | कुश्ती |

Signature valid

RajKaj Ref
5391363

Digitally signed by Pukhraj Sen
Designation : Commissioner
Date: 2024.01.25 08:47:02 IST
Reason: Approved

| | | |
|---|---|---|
| 9. | | गोलाफेंक |
| 10. | | तश्तरी फेंक |
| 11. | | भाला फेंक |
| 12. | | हेमर थ्रो |
| 13. | | लम्बी कूद |
| 14. | | ऊंची कूद |
| 15. | | रस्साकशी |
| 16. | | दौड़ (100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 4 X 100Relay, 4 X 400 Relay) |

जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के सुचारू आयोजन एवं क्रियान्वयन हेतु प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि-

1. नोडल महाविद्यालय प्राचार्य इन प्रतियोगिताओं के सुचारू क्रियान्वयन हेतु महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मिलित करते हुए विभिन्न समितियों का गठन कर प्रतियोगिताओं का आयोजन सुनिश्चित करें।
2. नोडल महाविद्यालय द्वारा उपरोक्त दी गई खेलों की सूची में से इंडोर व आउटडोर खेल में से प्रत्येक से तीन-तीन खेलों का आयोजन करवाया जाएगा।
3. जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभागी अधिकतम तीन खेल प्रतियोगिताओं में भाग ले सकता है।
4. संलग्न सूची के अतिरिक्त यदि कोई अन्य खेल आयोजित किए गए है तो उनमें से किसी एक खेल को जिले के सभी प्राचार्य आपसी सहमति से सम्मिलित कर सकते हैं।
5. जिला स्तर पर खेलों का चयन करते समय जिला नोडल प्राचार्य अपने संबंधित जिले के राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों से चर्चा कर खेलों का चयन कर खेल समय सारणी का निर्धारण कर लें ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो।

RajKaj Ref
5391363

Signature valid
Digitally signed by Pukhraj Sen
Designation : Commissioner
Date: 2024.01.25 09:47:02 IST
Reason: Approved

6. खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु निर्णायक मंडल में संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य/खेल अधिकारी/जिला स्तरीय खेल अधिकारी शामिल होंगे।
7. आयोजन में अपने जिले के जिला स्तरीय विद्यालय के शारीरिक शिक्षकों की भी सहायता ली जा सकती है तथा महाविद्यालय में खेल मैदान ना होने की स्थिति में स्थानीय स्तर के खेल मैदान में इन प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाना सुनिश्चित करें जिसकी अनुमति प्रशासनिक स्तर से ले ली जाए।
8. खेल प्रतियोगिताओं में अधिकाधिक विद्यार्थियों की सहभागिता हेतु यह सूचना सोशल मीडिया, व्हाट्सएप्प ग्रुप, स्थानीय समाचार पत्रों तथा महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर सूचना प्रेषित करें।
9. छात्रा प्रतिभागियों के साथ महाविद्यालय के खेल अधिकारी और एक महिला संकाय सदस्य को भेजा जाए। महिला संकाय सदस्य ना होन पर महिला गैर शैक्षणिक कर्मचारी को भी भेजा जा सकता है।
10. खेल प्रतियोगिता के आयोजन की समस्त व्यवस्थाएं नोडल महाविद्यालय द्वारा की जाएगी।
11. जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले महाविद्यालयी टीम व संकाय सदस्यों/गैर शैक्षणिक कर्मचारी को नियमानुसार व्यय भत्ता संबंधित महाविद्यालय द्वारा दिया जाएगा तथा संकाय सदस्य/गैर शैक्षणिक कर्मचारी को कर्तव्य अवकाश देय होगा।
12. नोडल महाविद्यालय तथा जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी महाविद्यालय आयोजन का व्यय विकास समिति/छात्रनिधि कोष/खेल कोष से किया जाए, जिसकी अनुमति प्रदान की जाती है।
13. खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों के पास महाविद्यालय का परिचय पत्र होना आवश्यक है तथा सभी विद्यार्थियों को अनुशासन में रहते हुए खेल के नियमों का पालन करना आवश्यक है।

RajKaj Ref
5391363

Signature valid
Digitally signed by Pukhraj Sen
Designation : Commissioner
Date: 2024.01.25 09:47:02 IST
Reason: Approved

14. खेल प्रतियोगिताओं के दौरान आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ विजेताओं को नोडल महाविद्यालय स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा।
15. प्राचार्य सैमेस्टर परीक्षा के कारण या अन्य किसी कारण से दी गई तिथि के दौरान यदि जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करवाने में असमर्थ है तो वे अपने स्तर पर इन तिथियों के आस-पास ही तिथि परिवर्तन कर इन प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाना सुनिश्चित करें जिसकी सूचना आयुक्तालय को प्रेषित कर दी जाये।
16. महाविद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिता के फोटोग्राफ्स, विडियो और खेल प्रतियोगितावार विजेता प्रतिभागी का नाम व कक्षा **Academics 2023-2024** के नाम से गूगल ड्राइव में सभी खेल प्रतियोगिताओं के अलग-अलग फोल्डर बनाकर उनका लिंक Sports competition हेतु आयुक्तालय द्वारा जारी स्प्रैडशीट **"Academics 2023-2024"** में दिए गए महाविद्यालय के नाम की पंक्ति के अंत में गूगल ड्राइव लिंक को प्रेषित करें ।

**आयुक्त**
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान

क्रमांकः CCE/ISDC/Misc./Direction/2022/ दिनांकः

प्रतिलिपि सूचनार्थः-

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सहायक अतिरिक्त आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. समस्त संयुक्त निदेशक, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर।
5. वैब प्रभारी आयुक्तालय को अपलोड करने हेतु।
6. रक्षित पत्रावली।

RajKaj Ref
5391363

Signature valid
Digitally signed by Pukhraj Sen
Designation : Commissioner
Date: 2024.01.25 09:47:02 IST
Reason: Approved